तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025

11 रक्षाबंधन पर भाजपा महिला मोर्चा ने जेल में कैदियों को बांधी राखी



12 सरकार बुनकरों को सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर ...





## खबर संक्षेप

### अभ्यावेदनों पर सुनवाई भी जारी, संगवारी शिक्षकों की नियुक्ति शुरू

**कुसुमकसा।** युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत अभी अभ्यावेदनों पर सुनवाई जारी है। वहीं दूसरी ओर जिन शालाओं से शिक्षक अधिक होना बताकर अतिशेष शिक्षक के रुप में चिन्हांकन कर अन्यत्र स्थानांतरण किया गया है। उन्हीं विद्यालयों में छात्र संख्या अधिक बताकर संगवारी शिक्षकों की नियुक्ति शुरू की जा रही है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ दुर्ग संभाग के संभागीय अध्यक्ष भुवन सिन्हा ने संभागायुक्त राजस्व, संयुक्त संचालक शिक्षा दुर्ग संभाग और कलेक्टर बालोद को पत्र लिखकर इस प्रकार संगवारी शिक्षक की नियुक्ति पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरित शिक्षकों का पदस्थापना निरस्त करने की मांग किया है। साथ ही श्री सिन्हा ने बालोद जिला एक मात्र आदिवासी विकास खंड से सामान्य विकास खंड में युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरण एक सोची समझी साजिश होने की आशंका जतायी है।

### नगर पंचायत पलारी में वार्डों का आरक्षण निर्धारण आज

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ नगरपालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डो का आरक्षण) नियम 1994 अनुषांगिक प्रावधानों के तारतम्य में नगर पंचायत पलारी में वार्डो का आरक्षण प्रवर्गवार तथा महिला प्रवर्गवार किया जाना है। इस हेतु 11 अगस्त को दोपहर 12 बजे कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष में कार्यवाही की जाएगी। उक्त सूचना वर्णित कार्यवाही के समय सर्व साधारण की जानकारी एवं नियमानुसार आरक्षण की कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में उपस्थिति हेतु जारी की गई है।

### मंगचुवा में पशु चिकित्सालय भवन की मांग की

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल के ग्राम मंगचुवा में पशु चिकित्सालय खुले लगभग 20 वर्ष हो चुके हैं। लेकिन आज तक ना भवन है ना ही कर्मचारियों के लिए आवास गृह ग्रामीणों द्वारा लगातार शासन से मांग की जा रही है फिर भी आज तक शासन का कोई ध्यान नही है, किसानों ने मांग की है की भवन निर्माण के लिए राशि जल्द ही स्वीकृत किया जाय ।

### गायत्री परिवार 108 पौधों का आज करेगा रोपण

**बालोद।** गायत्री परिवार बालोद द्वारा 108 कुण्डलीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के उपलक्ष्य मे मां गंगा मैया शीतला मंदिर झलमला के प्रांगण मे 108 पौधो का रोपण 11 अगस्त को किया जाएगा। जिसमे मुख्य अतिथि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा रहेंगी। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल, वन मंडलाधिकारी बालोद अभिशेक अग्रवाल रहेंगे। अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू, पूर्व जिला भाजपा बालोद पवन साहू, जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चन्द्रेश हिरवानी, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया, अध्यक्ष नगर पालिका परिशद् बालोद प्रतिभा चौधरी, सदस्य जिला पंचायत बालोद पूजा वैभव साहू, जिला समन्वयक गायत्रि परिवार बालोद बीएस अठनागर, सेवानिवृत्त कलेक्टर बालोद बीएल ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत झलमला चुम्मन थानसिंह ठाकुर, उपसरपंच ग्राम पंचायत झलमला हितेश ठाकुर, प्रांतीय संयोजक सर्व समाज झलमला ब्रम्हदेव पटेल, आयोजक मुख्य प्रबंध ट्रस्टी व गायत्री परिवार बालोद, जय शीतला माता समिति झलमला दशरथ कलिहारी, ब्लाक समन्वयक लोचन राम साहू उपस्थित रहेंगे।

# रक्षाबंधन पर बहनों ने भाइयों को दिया हेलमेट का उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार पूरे जिले भर में उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान बहनों ने भाइयों की कलाई पर स्नेह रूपी राखियां बांधकर कलाई सजाई और दीर्घायु जीवन की कामना की, तो भाइयों ने उनकी रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम परसवानी में राखी बांधने के लिए अपने भाई विनोद यादव के घर पहुंची दो बहने ग्राम बटेरा की ममता यादव और ग्राम जगन्नाथपुर की माधुरी यादव ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता दिखाते हुए एक विशेष पहल की। उन्होंने अपने भाई की कलाई पर राखी सजाने के साथ उनके सिर पर हेलमेट भी सजाया। उन्हें रक्षाबंधन पर उनकी रक्षा के लिए उपहार स्वरूप हेलमेट प्रदान किया।

उनके भाई ने बहनों की पहल पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि विगत दिनों एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। जिससे उनका सिर फटा था। आंख चोटिल होने से बाल बाल बचा। उस समय वे हेलमेट नहीं पहने थे। उस दिन उन्हें एहसास हुआ कि हेलमेट पहनना कितना जरूरी है। उनकी बहनों ने उन्हें जागरुक करते हुए उनकी सुरक्षा के नाते हेलमेट गिफ्ट किया है। जिस पर उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनने से जान बच सकती है। जो गलती मैंने की है, बिना हेलमेट के गाड़ी ▶▶| शेष पेज 11 पर

### जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन



#### कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के अभियान से मिली प्रेरणा

यह पहल उन्होंने हाल ही में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा हेतु दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के अभियान से प्रेरित होकर किया गया। दोनों बहनों ने बताया कि हेलमेट पहनना बहुत जरूरी है। आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट न पहनने से सिर पर गंभीर चोट लगने से जान जाने का खतरा बहुत ज्यादा रहता है। इसलिए उन्होंने सोचा कि क्यों ना अपने भाई की दीर्घायु के लिए हम कामना करते हैं तो इस कामना को सार्थक करते हुए एक पहल करें और कलेक्टर के अभियान से प्रेरित होकर राखी बांधने के साथ भाई को एक हेलमेट प्रदान किया गया ।

## घटना

# चलती कार में लगी आग छह लोग बाल-बाल बचे

### जिले के अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटगांव के पास हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रक्षाबंधन मनाने आए बेटी दामाद को लेकर घुमने निकले परिजनो के कार मे अचानक आग लग गई, गनीमत रही की कार में सवार सभी छः लोगो ने समय रहते कार से बाहर निकल अपनी जान बचाई जहां लोगों के निकलने के चंद मिनटो में ही आग पूरे कार फैंल गई और पूरी कार चंद मिनटो में जलकर खाक हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार घटना जिले के अर्जुंदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोटगांव के पास की बताई जा रही है। जहां एक टाटा सफारी कार में अचानक आग लग गई। कार में आग लगने की सूचना परिजनो के साथ आस पास के लोगो ने पुलिस को दी। जिसके बाद मौंके पर पुलिस टीम पहुंची और आग की लपटो को देखते हुए फायर ब्रिगेड टीम को भी बुलाया गया। अर्जुंदा पुलिस सहित फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगे रहे। मिली जानकारी के अनुसार कार मे आग लगने का कारण इंजन में शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त कार सिकोसा के रहने वाले चंद्रिका देवांगन का बताया जा रहा है जहां उनकी बेटी, दामाद सहित अन्य रिश्तेदार रक्षाबंधन पर गांव आए थे जहां रक्षाबंधन का पर्व मनाने के बाद पूरा परिवार उक्त कार मे सवार होकर घूमने फिरने औंर कुछ खरीददारी के लिए अर्जुंदा गए हुए थे। जहां अर्जुंदा से वापसी में जैसे ही वे कोटगांव के करीब पहुंचे थे तब कार के बोनट से अचानक धुआ उठने लगा जो देखते ही देखते कार में फैल गई। पुलिस ने कार को सड़क किनारे हटाकर यातायात बहाल किया।





### अज्ञात बदमाशों ने टाटा सफारी फूंका, जांच में जुटी पुलिस



**दल्लीराजहरा।** पत्रकारों की आवाज़ दबाने और डराने की मंशा अब खतरनाक रूप लेने लगी है। 7 अगस्त की सुबह 11:30 बजे, बीएसपी प्रबंधन द्वारा बनाए गए हॉस्पिटल परिसर के पार्किंग स्थल में दल्लीराजहरा निवासी और मीडिया कर्मी जोश कोशी की टाटा सफारी (क्रमांक सी जी 04 एल टी 4500) को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने आग के हवाले कर दिया। घटना ने पूरे मीडिया जगत में रोष और चिंता की लहर दौड़ा दी है।

सूचना मिलते ही जोश कोशी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी कार का बोनट, इंजन और बैटरी पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे। क्षेत्रीय फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन गाड़ी को बचाया नहीं जा सका। जोश कोशी ने बताया कि 5 अगस्त को वे बालोद से आकर अपनी गाड़ी को बीएसपी हॉस्पिटल पार्किंग में खड़ा किए थे। दो दिन बाद अज्ञात लोगों ने आपसी रंजिश और दुर्भावना के चलते खड़ी गाड़ी में छेड़छाड़ कर उसे आग के हवाले कर दिया। उन्होंने कहा कि यह हमला न केवल उनकी निजी संपत्ति पर है, बल्कि पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार है।

घटना की शिकायत थाना राजहरा में दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। जोश कोशी ने कुछ संदिग्ध लोगों की पहचान संबंधी जानकारी भी पुलिस को सौंपी है। कहना है कि इस तरह की घटनाएं अभिव्यक्ति की आजादी और सच सामने लाने के काम पर सीधा हमला हैं। उन्होंने प्रशासन से दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# रात में राखी छोड़कर लौट रहे युवक पर हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

बाईक के माध्यम से रात्रि मे राखी छोड़कर आ रहे व्यक्ति द्वारा रास्ते में बाईक रोककर पास के मैदान के पास खड़ा होने के दौरान वहां मौजूद दो अन्य लोगो ने व्यक्ति के साथ मारपीट व गाली गलौज को अंजाम दे दिया जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति द्वारा बालोद थाने में दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया हैं।

ग्राम बनगांव मालीघोरी निवासी आकाश चंदेल ने पुलिस को बताया है वह अपने बुआ के घर ग्राम चिल्हाटीखुर्द राखी छोड़ने गया था। तथा राखी छोड़कर रात्रि को ग्राम दुधली के नवोदय विद्यालय के पीछे मैदान में अपने मोटर सायकल को खड़ा करके रुका था।

वही पर उससे पहले ग्राम मालीघोरी के चंदन रुका था और उसके पास आकर जबरदस्ती गाली गुफ्तार कर धमकी चमकी देते हुए अपने एक और दोस्त छवि धनकर निवासी मालीघोरी को उस जगह में बुलाकर दोनों मुझे गाली गुफ्तार करते हुए चंदन अपने हाथ में रखे किसी ठोस वस्तु से मेरे दाहिने आंख के पास मारने से चोंट आकर खून निकला है। घटना के समय सामने मेनरोड से गुजर रहे मेरे गांव के लुभान तारेन्द्र व गुलशन को आवाज देने पर मौके पर आकर बीच बचाव किये है।

# राखी बांधने से मना करने पर तीन लोगों ने कर दी पिटाई, जुर्म दर्ज

**बालोद।** अपने भाई के बेटी को राखी बांधने से मना करने पर भाई व उसके दो लड़को ने उक्त व्यक्ति की पिटाई कर दी जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने बालोद थाने में तीन लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया है।

ग्राम खपरी (मालीघोरी) थाना–बालोद निवासी रमेश कुमार प्रजापति ने पुलिस को बताया है कि वह सुबह घर पर अकेला था, कुआ से पानी भर रहा था उसी समय उसका बड़ा भाई चैतराम प्रजापति व उसके दो लड़के राजेश व मनीष तीनों उसके घर आये व बोलने लगे कि तुम मेरी बेटी रानी को राखी बांधने के लिये मना किये हो, तो मै बोला कि तुमने जुन 2025 में अपनी बेटी की शादी में हमे नही पुछे थे, जब रिश्ता ही खत्म कर दिये तो राखी बांधने के लिये क्यों भेजे हो बोलने पर तीनो मुझे गाली गलोच देते हुए, जान से मारने की धमकी देकर मुझे हाथ–मुक्का से मारपीट किये हैं। मारपीट करने से मेरे चेहरा, बाये गला व बाये पैर के एड़ी में चोंट खरोच आया है।

# आदिवासी दिवस पर नगर में हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व आदिवासी दिवस समारोह के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के इनडोर स्टेडियम में आयोजित। समारोह में आदिवासी समाज के लोगों का विशाल जन सैलाब उमड़ पड़ा। समारोह की अध्यक्षता सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष तुकाराम कोर्राम ने किया।

समारोह में जनपद अध्यक्ष डौंडी मुकेश कौड़ो, नगर पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष लाल निमेंद्र सिंह टेकाम, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी, नगर पालिका बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, जिला पंचायत संसदीय राधे लाल तारम, जनपद उपाअध्यक्ष डौंडी भोला राम नेताम, गोंडवाना समाज के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष एवं जनसंपर्क अधिकारी जिला बालोद चंद्रेश ठाकुर, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के जिला अध्यक्ष प्रो. एचएल मानकर, जिला अध्यक्ष गोंडवाना समाज प्रेमलाल कुंजाम, यूआर. गंगराले, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी, अश्वनी नायक, महेश पिस्दा, कृष्ण कुमार ठाकुर, उप संचालक जिला योजना योजना सांख्यिकी अधिकारी एस कुजूर, जनपद सदस्य भगवती उइके सहित अन्य अतिथियों के अलावा विशाल संख्या में ▶▶| शेष पेज 11 पर






# टमाटर की आवक घटी, दाम 60 रुपए किलो के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ टमाटर हुआ लाल – 5 से 60 रुपए किलो, 12 गुना महंगा!

दल्लीराजहरा शहर के सब्जी बाजार में टमाटर के दाम इन दिनों लाल रंग के साथ-साथ लाल चढ़कर बोल रहे हैं। चार माह पहले जो टमाटर चिल्हर में मात्र 5 रुपए किलो बिक रहा था, वह अब 60 रुपए किलो में पहुंच गया है। कीमत में यह 12 गुना उछाल उपभोक्ताओं की जेब पर भारी पड़ रहा है। लोकल टमाटर की आवक खत्म होने के बाद बाहर से आने वाले टमाटरों ने बाजार पर कब्जा कर लिया है। पहले जो लोकल टमाटर 60 रुपए कैरेट में आसानी से मिल जाता था, वह अब 1,200 रुपए कैरेट में बिक रहा है। आवक भी पहले की तुलना में आधी रह गई है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।



### आने वाले दिनों में सौ रुपए छूने की आशंका

व्यापारियों का कहना है कि आने वाले तीन माह तक टमाटर की कीमत में राहत की कोई संभावना नहीं है। अगर हालात ऐसे ही रहे तो दाम 100 रुपए किलो तक पहुंच सकते हैं। छत्तीसगढ़ में लोकल फसल मई के आखिरी सप्ताह तक ही बाजार में रही थी, उसके बाद जैसे ही बाहरी सप्लाई शुरू हुई, दाम लगातार बढ़ते गए। ग्राहकों की थाली में सलाद से लेकर सब्जी तक, हर जगह टमाटर की कमी खलने लगी है। महंगाई के इस लाल रंग ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है और अब टमाटर खरीदना आम लोगों के लिए मुश्किल सौदा बन गया है।

## शिक्षा ही वह साधन है जिसके बल पर बड़े से बड़े पद हासिल किया

# मिनीमाता की पुण्यतिथि, आज होगा प्रतिमा अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ प्रतिमा अनावरण में जिलेभर से समाजजन जुटेंगे

मिनीमाता पुण्यतिथि पर आज श्रद्धांजलि अर्पित करने एंव प्रतिमा अनावरण में सतनामी समाज उपस्थित होगे। ममतामयी मिनी माता की 53 वी पुण्यतिथि के पावन अवसर पर माता जी की प्रतिमा अनावरण के लिए जिले भर के समाजिक जन बड़ी तादाद मे उपस्थित होगे, माता जी की जन्म 15 मार्च 1916 को असम प्रांत में हुई माता जी की वास्तविक नाम मीनाक्षी देवी थी। माताजी गुरु घासीदास बाबा की संतान की बहु थी, अगम दास बाबा की पत्नी थी, माताजी सतनामी समाज की गौरव थी। अविभाजित मध्य प्रदेश की प्रथम महिला सांसद होने का गौरव 1955 में हमारे समाज को प्राप्त हुई, माताजी को शिक्षा के प्रति उनकी काफी अच्छी सोच थी, समाज को ही वह अपना सब कुछ परिवार मानती थी और उसे आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने रायपुर निवास स्थित मकान में गरीब कमजोर बच्चों को रख कर पढ़ाई कराई जो आज बड़े–बड़े पदों पर आसीन होकर समाज की गौरव बढ़ा रहे हैं उनकी एक सोच थी शिक्षा ही वह हथियार है जिसके बल पर बड़े से बड़े पद हासिल किया जा सकता माता जी नारी उत्थान के क्षेत्र मेअनेको लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी साथ ही मानव समाज कल्याण और महिला उत्थान के लिए उन्होने लडाई लडी माता जी की संदेश था आपसी भाई चारे के साथ मिलकर रहना और काम करना देश व राज्य विकास की ओर अग्रसर हो रहा था।

इसी बीच प्लेन दुर्घटना में 11 अगस्त 1972 को माता की देवहासन हुआ इससे समाज के साथ साथ मानव समाज को काफी नुकसान हुआ और एक स्वर्णिम युग का अंत हुआ, किसी संत महात्मा की जन्म जयंती या पुण्यतिथि हमारे बड़े बुजुर्गों ने मनाने की परंपरा शुरू की क्योंकि उनकी शहादत और वीरता हमें बार–बार याद दिलाते रहते है समाज में एक नई जोश ऊर्जा हमेशा बनी रहे और हमे एकता के सूत्र में बंधे रहने की प्रेरणा देती है।

माता जी पुण्य तिथि व प्रतिमा अनावरण के पुनीत अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका बालोद प्रतिभा चौधरी होंगी। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद संजय बारले करेंगे, विशिष्ट तिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका बालोद कमलेश सोनी, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोना देवी देशलहरा, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका बालोद विकास चोपड़ा, सदस्य जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, संरक्षक जिला सतनामी समाज बालोद अशवन बारले, पूर्व अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद टिनेश्वर बघेल, पूर्व अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद विजय बघेल, सदस्य जनपद पंचायत बालोद निर्मला बंजारे, पार्षद नगर पालिका बालोद सुनीता मनहर व अतिथिगण सहित जिला पदाधिकारी गण सहित सभी तहसील के तहसील अध्यक्ष एंव उनके पदाधिकरी के साथ समाजिक जनो की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकरी जिला संरक्षक पवन जोशी ने दी साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील जिला सतनामी समाज बालोद के समस्त पदाधिकारियो ने किया।

# कार की ठोकर से बाइक सवार घायल, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राखी बंधवाने के बाद अपनी बड़ी बहन व भांजी को लेकर मोटर सायकल से वापस रहे व्यक्ति को कार ने ठोकर मार दी जिससे मोटर सायकल मे सवार तीनो लोग घायल हो गए। जहां मोटर सायकल सवार व्यक्ति ने कार मे सवार दो व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 115(2), 281, 296, 3(5), 351(3) के तहत कार्यवाही कर रही है।

पीड़ित ग्राम खैरा का निवासी प्रकाश साहू ने पुलिस को बताया कि वह अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलएस 5611 से अपनी बड़ी बहन मीना साहू एवं भांजी को बैठाकर ग्राम परसोदा से ग्राम खैरा राखी बंधावाकर वापस जा रहा था तभी शाम को ग्राम परसोदा मोड़ के पहले पहुंचा था कि कार क्रमांक सीजी 08 एजेड 0674 का चालक अपने कार को तेजी लापरवाही पूर्वक चलाते हुये मेरे मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिससे हम लोग मोटर सायकल सहित गिर गये। हम लोगों को गिरने से चोट नहीं लगा है पर मोटर सायकल को क्षति पहुंचा है। तब मैंने कार चालक को आवाज देकर बोला कैसे चला रहे हो तब कार चालक व उसके साथ एक और व्यक्ति दोनो उतर का आये और बोले की सड़क में रहते तो पूरा गाड़ी चढा देता की धमकी देकर गालियां देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे और एक व्यक्ति किसी को ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### श्रमदान कर बनाया चबूतरा

**बांधा बाजार।** सृष्टि संस्था दक्कोटोला के मार्गदर्शन में ग्राम मरदेल, कोड़ेवड़ा और चिरचारी में रक्षा बंधन त्यौहार मनाया गया हैं। वहीं विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ग्रामीणों ने पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधा। ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए आम, पीपल और इमली पेड़ के चारों ओर मिट्टी का चबूतरा बनाया। स्व लाल श्याम शाह महाराज की पूजा अर्चना कर पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान बाजीराव मांझी, भगत सिंह, अर्जुनसिंह कोमरे, सहदेव कोरेटी, मीना मांझी, श्यामलाल सलामे, जोहरलाल बोगा, सराधूराम उसारे, अनितराम सोरी, कामता प्रसाद कचलामे, सुरेंद्र कुमार धुर्वे, लालसाय धुर्वे आदि ने चबूतरा निर्माण के लिए श्रमदान किया। इस कार्य में संस्था के कार्यकर्ता अर्जुन कुमेटी, गजाराम धुर्वे, सरिता कोरेटी और जयदेव मोहुर्ले ने योगदान दिया।

### मनाया आदिवासी दिवस



**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी के आतिथ्य में बागेकसा, दमऊदहरा में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में आदिवासी महापुरुषों की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा पाठ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने नशा मुक्ति और सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि आदिवासियों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं हैं किन्तु जानकारी के अभाव में लोग लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

### छात्राओं ने बांधी जवानों को राखी



**डोंगरगांव।** मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने रक्षाबंधन के पूर्व शुक्रवार को थाना जाकर जवानों को राखी बांधी। प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को छात्राओं ने शिक्षक लूनकरण यादव एवं तृप्ति देवांगन के साथ सुरक्षा में लगे जवानों और रक्षित केंद्र के निरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, मेजर आदि को रक्षासूत्र बांधा। कार्यक्रम में छात्रा ओमश्री, नुरानी, प्रियंका पटेल, डाली पटेल, पूजा पटेल, लवली हिरवानी, प्राची देवांगन, लक्ष्मी देवांगन एवं वासनी निषाद शामिल हुई। पुलिस जवानों ने छात्राओं को बिदाई के साथ उपहार दिया।

### उल्लास के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

# मांदर की थाप पर थिरके आदिवासीजन विशाल रैली निकालकर दिखाया ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

■ वक्ताओं ने कुरुतियों को छोड़ने कहा

गंडई नगर में शनिवार को जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के पांच हजार से अधिक लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में रैली निकाला।

सुबह 10 बजे से समाज के लोग गंडई कृषि उपज मंडी में एकत्रित होने लगे थे। यहां से पारंपरिक बाजों की थाप पर नाचते-गाते रैली निकाली गई। रैली बस स्टैंड, मुख्य बाजार, मां गंगई मंदिर और मुख्य चौक से होते हुए वापस मंडी प्रांगण पहुंची। रैली में युवक-युवतियां, महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक परिधानों में शामिल हुए। कई युवाओं ने आदिवासी क्रांतिकारी योद्धाओं का रूप धारण किया था, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे।



#### सामाजिकजनों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान समाजिक बुद्धिजीवियों ने संबोधित करते हुए कुरीतियों को दूर करने और आदिवासी संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया। युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने बताया कि गंडई में दूसरी बार जिला स्तर पर यह दिवस मनाया गया जिसमें गोंड, हल्वा, बैगा, कंडरा, कंवर और प्रधान समाज के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा, वकालत, मेडिकल, इंजीनियरिंग और जूडो जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा 95 से 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले बच्चों का सम्मान किया गया।

#### सुरक्षा व्यवस्था और सामूहिक भोज

उक्त विशाल आयोजन के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी सौरभ बाथम के नेतृत्व में पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा। समापन के बाद सभी लोगों के लिए सामूहिक भोज की व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर सर्व आदिवासी समाज के जिला और प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य मौजूद थे।

## आदिवासियों ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**मोहला।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय मोहला में भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह थी। मिनी स्टेडियम से विशाल रैली निकाला गया। रैली में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शामिल हुए।



#### गौरवशाली है देश का आदिवासी समाज

रैली रैली मिनी स्टेडियम से निकलकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुँची, जहां राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न अधिकारों, परंपराओं के संरक्षण, शिक्षा, रोजगार और विकास से संबंधित मांगें शामिल थी। इस मौके पर श्रीमती सिंह ने कहा कि आदिवासी समाज देश और प्रदेश की गौरवशाली पहचान है, जिनकी संस्कृति, परंपरा और जीवन प्रकृति के साथ संतुलन और सामूहिक जीवन की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का इतिहास संघर्ष, साहस और स्वाभिमान से भरा हुआ है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, आदिवासी समाज के वरिष्ठजन, महिला-पुरुष एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# एक ही घर को चोरों ने तीन बार बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

■ पुलिस की गश्त पर उठे सवाल

शहर के पुराने बस स्टेंड के समीप स्थित साव सदन में बीते चार दिनों में तीन बार चोरी की घटना हो चुकी है। लगातार चोरी की घटना के बाद पुलिस गश्त पर सवाल उठने लगे हैं। चोर जिस तरह से कबाड़ आदि की चोरी कर रहे हैं जिससे लगता है कि लोकल आरोपी है जो व्यापारियों, कबाड़ की दुकानों में चोरी का माल खपा रहे हैं। पुराने बस स्टैंड से पोस्ट आफिस रोड पर स्थित साव सदन में छह अगस्त से 9 अगस्त के बीच तीन बार चोरी की घटना हो चुकी है। छह अगस्त को अज्ञात चोर तीन बंडल कापर वायर, दो नग कांसा की थाली, एक नग लोटा, सात अगस्त को घर में लगे वायर काट कर ले गए। इसी प्रकार 9 अगस्त की रात को अज्ञात चोरों ने एक नग पीतल की गुंडी, दो नग तांबा की गुंडी, एक बोरी में रखे वायर ले गए। आसपास के लोगों ने बताया कि 9 अगस्त को सुबह रेस्ट हाऊस की बाऊंड्री के पास रेत में दो नग मिनी पंप छुपा कर रखा गया था जिसे भी देखते ही देखते गायब कर दिया गया। वहीं चौधरी स्टूडियो में लगे डीटीएच के वायर को निकालकर रेस्ट हाऊस के अहाते में फेंक दिया गया था।

#### लोकल आरोपियों पर संदेह

अज्ञात चोर जिस तरीके से कबाड़ और बर्तन आदि को पार कर रहे हैं उसे देखते हुए संदेह जताया जा रहा है घटना में लोकल व्यक्तियों का हाथ है जो दिन में रेकी करने के बाद मौका पाकर देर रात घटना को अंजाम दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार साव सदन के ऊपर जाने की सीढ़ी का दरवाजा बंद होने के बाद भी चोर चढ़कर चोरी कर रहे हैं।

# सेवानिवृत होने के बाद भी निःशुल्क शिक्षा दे रहा शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत ठंड़ार में निवासरत दूर्जन राम जंघेल शिक्षकीय कार्य से सेवा निवृत हो चुके हैं। पर छात्रों के प्रति लगाव और अपनी लगनशीलता से वह अपने निवास में छात्रों को निःशुल्क शिक्षा दे रहे हैं। बीते दिवस कृतबांस निवासी महावीर वर्मा ने उनके इस कार्य से प्रभावित होकर उनके छात्रों को कापी और पेन वितरण कर शिक्षक का आभार जताया।

ज्ञात हो कि श्री जंघेल बीते दो साल से हाई स्कूल के छात्रों को गणित एवं अंग्रेजी का निःशुल्क ट्यूशन क्लास लगा रहे हैं। जिसमें स्थानीय सहित आस पास के छात्र पढ़ाई करने पहुंच रहें हैं। वर्तमान में नवमी एवं दसवीं के करीब दो दर्जन छात्र इस निःशुल्क ट्यूशन का लाभ ले रहें हैं। सुबह 6 बजे छात्रों का जत्था उनके निवास पहुंच जाता है। ज्ञात हो कि दूर्जन जंघेल शासकीय हाई स्कूल धोधा में आठ साल प्रभारी प्राचार्य पद की जिम्मेदारी सम्हाला। बीते शिक्षा सत्र उनकी शिक्षकीय कार्य की अवधि पूर्ण होने पर सेवानिवृत हुए। यहां के ग्रामीण छात्रों का उनके प्रति लगाव, लगनशीलता, स्वयं समय पर स्कूल पहुंचना तथा छात्रों का अनुशासन में रखने के अलावा व्यवहारिक ज्ञान देने की तरीके से प्रभावित होकर उन्हें विद्यालय में अध्यापन कार्य जारी रखने का आग्रह किया। श्री जंघेल सेवा निवृत होने के बाद भी स्कूल में निःशुल्क शिक्षा दे रहें हैं। श्री जंघेल ने कहा कि शिक्षा का दान महादान है, जो देने से दो गुना, चार गुना बढ़ता है।

अपने निवास और विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा दान कर वह मानव समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहें हैं। शिक्षा दान से छात्रों का भविष्य बेहतर बन जाए तो यह मेरे लिए गर्व की बात है।



# जर्जर भवन में पढ़ाई करने छात्र मजबूर



**सड़क अतरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला संड़ी के छात्र जर्जर शाला में अध्ययन करने मजबूर है। जानकारी अनुसार लगभग दो दशक पहले स्कूल भवन का निर्माण कराया गया था, जो आज काफी जर्जर हो चुका है। बरसात में छत से पानी टपकता तथा प्लास्टर अनायास गिरता रहता है। स्कूल के शिक्षकों द्वारा पंचायत एवं विभाग को कई दफा जानकारी देकर मरम्मत एवं नया भवन की मांग किया जा रहा है। पर अब तक कोई सुध नहीं ले रहा है। आश्वासन के बाद समस्या यथावत बनी हुई है।

विद्यालय के शिक्षक प्यारे लाल साहू ने बताया कि स्कूल की छत को त्रिपाल से ढक कर छात्रों को पढ़ाया जा रहा है। आगे मिली जानकारी अनुसार विद्यालय व्यवस्था काफी प्रशंसनीय बताया जाता है। साधन की कमी के बावजूद हर साल छात्रों का परीक्षा परिणाम काफी उत्कृष्ट रहता है। इस साल भी इस स्कूल से प्रयास विद्यालय के लिए चार छात्रों का चयन हुआ है। इस साल यहां 128 छात्र अध्ययन कर रहें हैं, जो आस पास के स्कूलों में पहले स्थान पर गिना जाता है। पंचायत के सरपंच कैलास वर्मा ने बताया कि स्कूल का अध्यापन व्यवस्था काबिले तारिफ है। समस्या जर्जर शाला भवन की है। पंचायत द्वारा विभाग को कई दफा समस्या से अवगत कराकर नया भवन की मांग किया जा रहा है। पंचायत विभाग को भी समस्या से अवगत कराया गया है।

#### चकनार में भी जर्जर भवन की समस्या

शासकीय प्राथमिक शाला चकनार का भवन भी काफी जर्जर हो गया है। बरसात के समय जहां तहां से पानी टपकता रहता है। वही मलबा भी कभी भी गिरने लगता है तथा छत की सरिया भी प्लास्टर से बाहर निकल आई है। कभी कभी पानी की वजह से छात्रों की पढ़ाई को बाधित करना पड़ जाता है। जर्जर भवन की मरम्मत एवं नया भवन की मांग लगातार किया जा रहा है। इसी प्रकार खैरबना एवं बुन्देली स्कूल में छात्रों की सुलभ की व्यवस्था गंभीर हो गया है।

#### किचन शेड की भी स्वीकृति नहीं

जानकारी अनुसार इस स्कूल में जब से छात्रों के लिए मध्यान्ह भोजन शुरू हुआ है। तब से कीचन शेड भवन की स्वीकृति नहीं मिली है। अलग से एक कक्ष में मध्यान्ह भोजन बनाया जाता है। वह भवन भी काफी जर्जर हो चुका है। जहां बरसात के समय भोजन बनाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही बरसात का पानी छत से टपकने से राशन एवं खाद्य सामान खराब हो जाता है। इसके लिए भी कीचन शेड की मांग हर साल किया जा रहा है। पर अब तक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है।

# दो बाइक की भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शुक्रवार शाम को गंडई-कवर्धा मार्ग पर स्थित चकनार के पास दो मोटर साइकिलों के आपस में टकराने से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। कुछ लोग विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। यह हादसा शाम करीब 6 बजे हुआ। कटंगीकला से लाखाटोला लौट रही हीरो एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 09 जेसी 1537 को तारेश पटेल चला रहा था। उसके पीछे चेतक पटेल बैठा था। उनकी बाइक विपरीत दिशा से आ रही हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 08 बीडी 5805 से टकरा गई। स्प्लेंडर बाइक को साहिल मरकाम चला रहा था। पीछे कौशल मरकाम और संजू नेताम सवार थे। तीनों गंडई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सारंगपुर जा रहे थे।

#### घायलों को किया रेफर

दोनों पक्षों ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों वाहन चालकों के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। शासकीय हास्पिटल में पदस्थ डॉ चुरेन्द्र खरे ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को रेफर किया गया है। सभी की हालत नाजुक थी।

#### पांच लोग हुए घायल

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों पर सवार सभी पांच लोग सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में चेतक पटेल के दाहिने पैर के टखने और घुटने में चोट लगी, जबकि एचएफ डीलक्स के चालक तारेश पटेल के दाहिने पैर के टखने, घुटने और दाहिने हाथ में चोटें आई है। स्प्लेंडर बाइक चालक साहिल मरकाम को दाहिने पैर के घुटने, दोनों हाथों और कंधे में गंभीर चोटें आईं। वहीं पीछे बैठे कौशल मरकाम और संजू नेताम के पैर, सिर और हाथों में चोटें लगी हैं।

# लोकार्पण के इंतजार में नवनिर्मित हास्पिटल, बुनकर सोसाईटी भवन

## कुछ नेताएं कर रहे उद्घाटन का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान में करोड़ों की लागत से सुविधायुक्त अस्पताल भवन और बुनकर सोसायटी भवन भवन बनकर तैयार है किन्तु कई माह बाद भी उनका उद्घाटन नहीं हो सका है। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन विधायक स्व देवव्रत सिंह ने अस्पताल भवन निर्माण स्वीकृत कराया था। अस्पताल भवन पूर्ण होने के बाद कुछ भाजपा नेता अपने स्वार्थ के चलते पुराने अस्पताल को हटाने का विरोध कर रहे हैं।

जिला सेवादल के अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल को दो साल होने वाले है। इस अवधि में भाजपाई शहर विकास के लिए एक रुपए का एलाटमेंट दिला नहीं पाए हैं, जबकि बघेल सरकार के दौरान गिरीश देवांगन के प्रयास से छुईखदान में कृषि महाविद्यालय भवन, बुनकर सोसायटी भवन, अस्पताल भवन, आत्मानंद स्कूल भवन, महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति मिली थी। सभी भवनों में कुल 100 करोड़ से अधिक खर्च किया गया है। कुछ भवनों का उपयोग आरंभ हो चुका है। अस्पताल सहित अन्य भवनों के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, गिरीश देवांगन, यशोदा वर्मा, आलोक चन्द्राकार का क्षेत्रवासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।



### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल

# विद्यार्थियों ने पेड़ों को बांधा रक्षासूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला

पेड़ पौधों की कटाई रोकने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में व जनपद सदस्य टुमन साहू, सुरेश साहू, दीप्ति साहू, पुरुषोत्तम उर्वशा, संतोष देवांगन, अश्वनी सुधाकर, पुरुषोत्तम वासनिक, रिखी राम साहू, प्राचार्य आरके देवांगन की उपस्थिति में पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधा गया।

इस अवसर पर टुमन साहू ने कहा कि हमें प्रकृति का महत्व को समझना होगा और पौधे लगाकर उसकी रक्षा कर स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना होगा। प्राचार्य आरके देवांगन ने कहा कि यह एक अनोखा व सार्थक तरीका है जिसमे रक्षाबंधन को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ सकते हैं। संचालन यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने किया। व्याख्याता हैपशीबा एंथोनी के नेतृत्व में कक्षा 12वीं वाणिज्य के छात्रों ने राखी बनाया। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, पवन सिन्हा, रीना बोरकर, शाला नायक मयंक देवांगन, मोहित, नीलकमल, डामेन्द्र, कुसुम, रोशन आदि उपस्थित थे।



# 6 माह बाद भी चोरी का खुलासा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

■ पुलिस की असफलता से फरियादी नाराज, अब शिकायत करने की तैयारी

चोरी की घटना के 6 माह बाद भी पुलिस आरोपियों को पकड़ने में असफल रही है। फरियादी आए दिन पुलिस के चक्कर काट रहे है। सिंगपुर में हुई लाखों की चोरी का खुलासा नहीं होने से पुलिस के तंत्र पर सवाल खड़े हो लगे हैं। माह भर पहले डिलापहरी में भी चोरी की घटना हो चुकी है। सिंगपुर निवासी मानसिंग साहू अब एसपी से शिकायत कर चोरी की घटना की उच्चस्तरीय जॉच की मांग करेंगे। उनका कहना है कि संदिग्धों से कड़ाई से पूछताछ किया जाए तो घटना का खुलासा हो सकता है।

# विचारों पर रखे नियंत्रण: सरिता दीदी

■ नेहरु कालेज में सात दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। आयोजन के तीसरे दिन नैतिक विकास, मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक मूल्य विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

वक्ता के रूप में ब्रह्मकुमारी आश्रम की सरिता दीदी एवं पूजा कुमारी उपस्थित थी। शुरुआत में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। स्वागत के बाद सरिता दीदी ने कहा कि आज हर ओर विचारों में द्वंद् है, ऐसे में विचारों पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। आध्यात्म का अर्थ है अपने भीतर की अच्छी शक्तियों को पहचानना और समझना। उन्होंने कहा कि क्षणिक सुख के पीछे भागने के बजाय हमें जीवन में शांति, सुख, आनंद, पवित्रता, शक्ति, ज्ञान और शुद्धता जैसे गुणों को अपनाना चाहिए। सरिता दीदी ने यह भी कहा कि माता-पिता से अधिक कोई हमें प्रेम नहीं कर सकता, इसलिए स्वयं से भी प्रेम करना जरूरी है। यदि समय रहते हम अपने जीवन में संभल जाएं तो निखर सकते हैं, अन्यथा जीवन बिखरने में समय नहीं लगेगा। प्राचार्य डॉ ईवी रेवती ने आभार जताया। अंत में मुख्य वक्ता सरिता दीदी को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। संचालन गौरव तिवारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ आरआर कोचे ने किया।



## खबर संक्षेप

### टारपीडो लेडल ने दो हजार हीट्स का बनाया कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एक टारपीडो लैडल ने सफलतापूर्वक 2000 हीट पूरी कीं। यह टारपीडो लेडल, ब्लास्ट फर्नेस से एसएमएस– 3 तक हाट मेटल के सुरक्षित व कुशल परिवहन में अहम भूमिका निभाने वाली आधुनिक इकाई है। कीर्तिमान पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार थे। सीजीएम तापस दासगुप्ता, बिजय बेहेरा, मनोज कुमार, प्रोसेन्जीत दास सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारा वास्तविक लक्ष्य निरंतर प्रगति और सुधार होना चाहिए। केंद्रित टीमवर्क के साथ हम निश्चित ही और ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगे। प्रोसेन्जीत दास ने टारपीडो टीम और रिफ्रैक्ट्री पार्टनर आरएचआई मैग्नीसीटा के अथक प्रयासों की प्रशंसा की। इसमें विभाग के पीआर अजयन, जेआर मारकंडे, हर्षवर्धन सिंह शुभम कार्तिकेयन व आरईडी टीएलआरएस टीम का योगदान रहा।

### डॉ. सिसोदिया को डॉक्टरेट की उपाधि



**भिलाई।** पूर्व फौजी, समाज सेवक और जन अधिकारों के लिए 30 वर्षों से सहयोग करने वाले पूर्व फौजी डॉ. अरुण सिंह सिसोदिया को इंटीग्रेटेड ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने प्रदान की मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके समाज के प्रति असाधारण योगदान, कोरोनाकाल में किए गए असाधारण कार्यों और समाज के प्रत्येक व्यक्ति, वर्ग के प्रति संवेदनशीलता व मानवता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया। समारोह में यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने डॉ. अरुण सिंह सिसोदिया की सामाजिक सेवा, नेतृत्व और समाज के उत्थान में उनके उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। डॉ. सिसोदिया जोहार चैरिटेबल ट्रस्ट के फाउंडर चेयरमैन, जन अधिकार परिषद के अध्यक्ष, फेरो स्क्रैप वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष व पूर्व फौजी हैं।

## रक्षाबंधन पर भाजपा महिला मोर्चा ने जेल में कैदियों को बांधी राखी







**बालोद।** भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियो के साथ कार्यकर्ता महिलाओ ने रक्षाबंधन के अवसर पर जिला जेल बालोद पहुंचकर जेल मे कैदियो को राखी बांधी और रिहा होने के बाद अच्छे नागरिक बनने की अपील की। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जुंगेरा भाजपा मंडल द्वारा बालोद उप जेल में कैदी भाइयों के साथ भाई–बहन का यह पवित्र पर्व मनाया गया। मंडल की सभी बहनों ने जेल परिसर में कैदियों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और राखी बांधकर अपने स्नेह का प्रतीक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बहनों ने कैदी भाइयों से अनुरोध किया कि रिहा होने के बाद वे एक अच्छे नागरिक की तरह जीवन व्यतीत करें और कभी भी ऐसा कार्य न करें जिससे उन्हें दोबारा जेल आना पड़े। सभी कैदियों ने बहनों से यह वचन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, मंडल अध्यक्ष अरुण साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष टोमन साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश सिंन्हा, जनपद सदस्य गण टेमन साहू, सतीश भेड़िया, भुवनेश्वरी चंद्राकर, माहेश्वरी ठाकुर, ममता साहू, मंडल मंत्री मोहनी देवांगन, उपाध्यक्ष इंदु पवार, महिला मोर्चा तपेश्वरी उंड्रे, ज्योति कल्याण सोनवानी, तथा महिला मोर्चा एवं मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

सियासत

## भाजपा ने शुरू किया 'हर घर तिरंगा' अभियान कुसुमकसा मंडल में हुई बैठक

### 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडलों में किया जाएगा तिरंगा यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख जी के निर्देशानुसार पर आज भाजपा कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा जी नेतृत्व में कर्मा भवन कुसुमकसा में कुसुमकसा मंडल की बैठक भाजपा जिला बालोद के जिला मंत्री एवं कुसुमकसा मंडल प्रभारी सोमेश सोरी के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ ,मंडल प्रभारी सोरी ने इस बैठक बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक मोर तिरंगा-मोर अभिमान (हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा) को करने का आग्रह किया साथ ही सोमेश सोरी ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी कि 10 अगस्त से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडलो में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना है, 12 अगस्त से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता सग्राम से जुड़े स्मारकों, युद्ध स्मारकों और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी महत्वपूर्ण जगहों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाना है।

13 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानो पर तिरंगा फहराना जाना है। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सभी मंडलो में मौन जुलूस, उपयुक्त, बैरन व प्लेकार्डस के साथ हॉल मीटिंग विभाजन से प्रभावित लोगों से भेंट एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है।



### ये रहे मौजूद

इस प्रकाश सोरी के द्वारा आज कुसुमकसा मंडल के शक्ति केन्द्रों में डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी, भारत माता , पंडित दिन दयाल उपाध्याय जी का तैल चित्र भी शक्तिकेन्द्रों में वितरण कर अन्य जानकारी दी है। उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजू रावटे, पूर्व उपाध्यक्ष भरत भाई पटेल, जनपद सदस्य आशा आर्य, झमित बाई, मंडल महामंत्री पोषण भुआर्य,मितेन्द्र वैष्णव, तुलसी सिन्हा, विजय डडसेना, लल्लू टेकाम संतोष जैन, खेदु राम गौतम, हेमंत साहू, तेज प्रकाश वैष्णव, संदीप साहू लता पैथोड़े, टिकेंद्र साहू, कमलकृष्ण साहू ,शिवराम सिंन्द्रमे, गोपाल साहू, बलवंत साहू, प्रताप सिंह, गुलसन कुमार, बृजमनी यादव, गोविन्द शर्मा, हितेश कुमार सहित भाजपा कुसुमकसा मंडल के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### भाजपा की बैठकः 'मोर तिरंगा मोर अभियान' की तैयारियों पर चर्चा

**अंडा।** भाजपा अण्डा निकुम मंडल दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 का बैठक आयोजित ग्राम अंडा मे सम्पन्न हुआ। इस बैठक में मोर तिरंगा मोर अभियान कार्यक्रम तहत कार्यक्रम के प्रभारी श्री शीव चंद्राकार ने यह बताया कि यह कार्यक्रम दिनाक 10 से 15 अगस्त के बीच होना तय हुआ हैं इस कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा झंडा लगाया जाए यह सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता को सुनिश्चित करने की बात कही और इस अवसर नवनियुक्त सभी मंडल पदाधिकारियों का सम्मान किया गया जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम के सह प्रभारी शैलेन्द्र शैंडे दुर्ग जिला भाजयुमो उपाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सभापति मुकेश बेलंचदन, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, जनपद सदस्य व जिला किसान मोर्चा महामंत्री अजित चंद्राकार, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, किसान नेता टिकाराम साहू, महामन्त्री एवं कार्यक्रम संयोजक दिलेश्वर गब्बर साहू ,सह संयोजक एवं सह कोषाध्यक्ष विजयालक्ष्मी कन्नौजे





,उपाध्यक्ष अजय चौहान, पवन देवांगन, नूतन निर्मलकर , मंत्री राजेश चंद्राकर, मुरली ठाकुर, कोषाध्यक्ष श्रीराम निषाद, पूर्व महामंत्री एवं अंडा सोसाइटी के अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर,कार्य मंत्री मुकेश चंद्राकर,मीडिया प्रभारी लोकेश देवांगन, आईटी सेल प्रभारी ढाल सिंह भारती,सह मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिन्हा , आईटी सेल सह प्रभारी दीप्ति देशमुख, वरिष्ठ कार्यकर्ता लेखू दास साहू , जागेंद्र दुबे, के.एल. दिल्लीवार , विश्राम सिंह दिल्लीवार, लक्ष्मीनाथ देशमुख, जगन्नाथ देवांगन, निकुम कॉलेज के अध्यक्ष सुरेश साहू , सरपंच उमड़ी राम ठाकुर, भागवत राम पटेल, योगेंद्र दिल्लीवार , सोसाइटी के अध्यक्ष (आलबरस) ओम प्रकाश यादव, (निकुम)भैया लाल साहू, पूर्व जनपद सदस्य एवं सरपंच हेमलता देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य भूपेंद्र बेलचंदन, उपसरपंच मन्नू लाल साहू, बूथ अध्यक्ष तिलक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तागण प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए।

## ब्रम्हकुमारी ने मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद की ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा अपने सेवाकेन्द्र के अलावा नगर के वृध्दाश्रम, अनाथ आश्रम, मूकबाधिर, घरौंदा आश्रम के अलावा नगर के 21 वीं बटालियन जवान, जिला जेल, वनविभाग, कोतवाली थाना, बिजली विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी के अलावा नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, कलेक्टर दिव्या मिश्रा, एसपी योगेश पटेल, एसडीओपी देवांश राठौर



सहित राजनैतिक, सामाजिक, प्रशासनिक एवं व्याापारी वर्ग के एवं नगर के भाई–बहनों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का रहस्य बताया गया। इस अवसर पर संस्था की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि आध्यात्मिकता एवं पवित्रता का यह त्यौहार भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता की अभूतपूर्व परम्परा है, जो युगो से चली आ रही है, परंतु वर्तमान समय व्यवहारिक जीवन में इसका बाह्म स्वरूप ही दृष्टिगोचर हो रहा है। इसके पीछे छिपी हुई भावनामय क्रियाशक्ति जीवन से लुप्त हो रही है। अतः इस पुनीत अवसर पर भ्रातृत्व प्रेम एवं सद्भावना के प्रतीक स्वरूप तथा आत्मिक स्वरूप की स्मृति दिलाने हम अपनी बुराईयों, विकारों और व्यसनों से मुक्त हो जाते है। परमात्म प्रेम के बंधन में बंधकर सबके साथ मधुर व्यवहार, मधुर बोल और मधुरता का संस्कार धारण करते है और आपस में मधुरता का संबंध निभाते है। इसी तरह से हम एक दो का मुख मीठा करते है, मधुर व्यवहार करना सीख जाते है।

## अंतरजातीय विवाह करने पर गुरुद्वारा में नहीं होंगे फेरे, बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियां रही शामिल

छत्तीसगढ़ सिख पंचायत सदस्यों सहित सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों की गुरुद्वारा बाबा दीप सिंघ सुपेला मे सिख पंचायत अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 साल शताब्दी समारोह को लेकर एक बड़ा गुरमत समागम करने का निर्णय लिया गया। साथ ही अंतर्राजतीय विवाह करने पर गुरुद्वारे में लावा फेरे की अनुमति नही होगी।

सिख पंचायत सचिव गुरनाम सिंह ने बताया कि बैठक का प्रमुख मुद्दा पाठी सिंघो के पाठ की भेंटा ( गुरु ग्रंथ के पाठ करने की दक्षिणा) को लेकर किया गया था जिसमें गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं सिख पंचायत द्वारा सर्व सहमति से 4800रु में 1200रु बढ़कर 6 हजार रु कर दिया गया। जिससे पाठ करने वाले लोगो में खुशी दिखाई दी। बैठक के दौरान दूसरा मुद्दा अंतरजातीय विवाह पर था जिस पर सिख समाज की लड़की दूसरे धर्म में शादी करती है तो गुरुद्वारे में लावा फेरे की मान्यता



नही दिए जाने पर सहमती बनी। तीसरे मुद्दे के अंतर्गत गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा सेक्टर 6 कमेटी एवं गुरुनानक स्कूल के कार्य को लेकर लगातार विवाद करने वालों पर कार्रवाई एवं एक्शन लिया गया। इस दौरान सभी गुरुद्वारों में मेंबरशिप लेने पर चर्चा की गई। जिसमें अगली बार गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सहमति एवं निर्वाचन मेंबरशिप के मेंबरों के आधार पर ही कि जाएगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में सिख यूथ फोरम भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, सिख पंचायत के वाइस चेयरमैन गुरमीत सिंह गाँधी, पलविंदर सिंह रंधावा, हरभजन सिंह चहल, गुरमीत सिंह चहल, इंद्रपाल सिंह सैनी, अरविंदर सिंह खुराना, सिकंदर सिंह, जसवीर सिंह सैनी, हरपाल सिंह, बलदेव सिंह, बीबी कुलवंत कौर, सतवंत सिंह, अवतार सिंह सहित सभी सिख समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

## भोलेनाथ का अभिषेक कर विधि-विधान से की पूजा-अर्चना



**दुर्ग।** सावन मास के अंतिम दिवस पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा की पूर्व सांसद सरोज पाण्डेय के जलपरिसर स्थित कार्यालय के समीप महादेव व मां भगवती के मंदिर में अभिषेक किया गया। इस अवसर पर शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी आयोजन में शामिल हुए। पूजन व आरती कर प्रदेश व शहरवासियों के कल्याण के लिए मंगलकामना की गई। उन्होंने मंदिर परिसर में शेड निर्माण की घोषणा की। सरोज पाण्डेय ने भी बाबा भोलेनाथ व मातारानी का पूजन कर देश, प्रदेश एवं शहरवासियों के मंगलमय जीवन के लिए कामना किया। सरोज पाण्डेय ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का मानना है कि विकास और विरासत साथ-साथ चलने चाहिए। मंदिर हमारी आस्था और संस्कृति के प्रमुख केंद्र हैं। सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के विकास के लिए बेहतर कार्य के साथ ही मंदिरों और तीर्थ स्थलों को संवारने का काम कर रही है। मौके पर पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकार, पूर्व जिलाध्यक्ष उषा टावरी सहित अन्य मौजूद थे।

## बीएसपी कर्मियों को सेक्टर-4 सोसाइटी का लाभांश वितरण




**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 के भिलाई स्टील प्लांट के सदस्य कर्मियों को लाभांश का वितरण 20 अगस्त से किया जाएगा। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने बताया कि लाभांश एवं ब्याज का वितरण लगातार 16 अक्टूबर तक चलेगा। सदस्यों की सुविधा को देखते हुए लाभांश वितरण अवधि दो माह की रखी गई है। दोपहर 3:30 से शाम 6:30 बजे तक सदस्य सेक्टर-4 सोसाइटी पहुंच कर लाभांश ले सकते हैं। निर्धारित तिथि में छूटे सदस्यों को सिर्फ सोमवार को अवसर मिलेगा। शासकीय अवकाश के दिन लाभांश-ब्याज वितरण कार्य नहीं होगा। सदस्य निर्धारित तिथि में नहीं पहुंच पाएंगे वे नवम्बर-25 से फरवरी-26 के बीच महीने के आखिरी सप्ताह में 25 से 31 तारीख तक कार्यालयीन समय में लाभांश प्राप्त कर सकते हैं। सदस्यों को सोसाइटी की पासबुक के साथ अपनी पासपोर्ट साइज की दो फोटो एवं बीएसपी का गेटपास लाना होगा। सोसाइटी की ओर से उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीन, विपिन बन्छोर, जानकी राव, शशि भूषण सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम कंवर, सतानंद चंद्राकर, वेद प्रकाश सूर्यवंशी और नितिशा साहू ने बीएसपी कर्मियों से तय तिथि पर लाभांश लेने की अपील की है।

### परिजनों को मिली 8 लाख की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउस नं. 204, वार्ड नं. 09, दमोदा बोरई तहसील व जिला दुर्ग निवासी झामबती साहू की विगत 30 मई 2020 को वाहन सहित कोटनी शिवनाथ नदी एनीकेट के पास नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार बिजली नगर छावनी भिलाई जिला दुर्ग निवासी पवन यादव की विगत 02 जुलाई 2020 को नहाते समय पानी में डुबने से मृत्यु हो गई थी। प्रावधानों के अनुरूप कलेक्टर ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक राशि प्रदान की है।

## जिले के 159 स्कूल जर्जर, अब तक मेंटनेंस नहीं, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उठाए सवाल

जिले के सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग जर्जर है। हादसों का खतरा बना हुआ है। अब तक इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया है। जानकारी के मुताबिक 159 से ज्यादा स्कूलों में मेंटेनेंस की दरकार है, लेकिन अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया है। आम आदमी पार्टी ने इसे लेकर शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। तत्काल मेंटेनेंस कराने अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को बर्बाद करने पर तुली हुई है। बच्चों के भविष्य के प्रति बड़ी-बड़ी डीगें हाँकने वाली भाजपा सरकार सिर्फ बैनर पोस्टर प्रचार वाली सरकार है। प्रदेश महासचिव वद्दूद आलम ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा बीजेपी सरकार कों बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अच्छी




शिक्षा की चिंता तो दूर वर्तमान की साधारण स्तर की शिक्षा कों भी ख़त्म करने पर तुली है। मौजूदा सरकार बच्चों को अनपढ़ रखना चाहती है, ताकि आने वाले समय में अनपढ़ सरकार से ना सवाल करेंगे और ना ही नौकरी मांगेंगे। अगले 7 दिनों में छत्तीसगढ़ के साथ साथ दुर्ग में शिक्षा की बदहाल स्थिति को उजागर करते हुए हर दिन एक नया वीडियो जनता के बीच लाएगी, जिसमें दिखाया और बताया जाएगा कि किस तरह राज्य में शिक्षा को बर्बाद करने पर सरकार तुली है? सरकार की उदासीनता जगजाहिर होगी। स्कूल जर्जर हालत में हैं, कहीं छत टपक रही है तो कहीं छत ही नहीं है, कहीं पर छत का प्लास्टर उखड़ा हुआ है।

## पेज 9 के शेष

### रक्षाबंधन पर ...

चलाने और फिर हादसे का शिकार होने की, वह गलती कोई और ना करें। उन्होंने कलेक्टर द्वारा चलाए जा रहे हेलमेट जागरूकता अभियान को सही बताते हुए वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर ही चलने की अपील की है।

### मोटर सायकल सावर ...

फोन कर और लोगों को बुलाया वे लोग भी आये और मुझे मारपीट करने लगे तब मेरे जीजा विजय साहू और बड़ी बहन मीना साहू बीच बचाव करने लगे तो उनको भी सभी लोग गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। मारपीट करने से मेरे दाहिने आंख के नीचे, बाएं हाथ में, चेहरा में व मेरे जीजा विजय साहू को दाहिने हाथ में एवं मेरी बड़ी बहन मीना साहू के पीठ में दर्द है। मारपीट करने दौरान मेरे सामने जेब में रखे 5000 रूपये एवं घड़ी गिर गया है। मामले में पुलिस विवेचना जारी है।

### आदिवासी दिवस पर ...

आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर आदिवासी समाज के लोगों के द्वारा परंपरागत आदिवासी नृत्य एवं वाद्य यंत्रें के साथ रैली निकालकर नगर भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण के दौरान समाज प्रमुखों के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर, छत्तीसगढ़ महतारी एवं शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। समारोह में आदिवासी संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यकमों की प्रस्तुति दी गई।

## अगस्त क्रांति पर हुए कार्यक्रम, याद किए गए स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ जेएनएल हास्पिटल प्रतीक स्थल पर हुए कार्यक्रम

९ अगस्त, अगस्त क्रांति दिवस, जिसे क्विट इंडिया मूवमेंट के नाम से भी जाना जाता है सन १९४२ में इसी दिन महात्मा गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का आह्वान किया था और इस मूवमेंट से स्वतंत्रता आंदोलन ने एक महत्वपूर्ण मोड लिया था और अंग्रेजों के खिलाफ जबरदस्त जन आंदोलन खड़ा हो गया था। भिलाई में भी अमर शहिदों की याद में सेक्टर नाइन जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में अगस्त क्रांति के प्रतीक स्थल पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता



संग्राम सेनानियों को याद करने नगर पालिका निगम भिलाई के राजस्व विभाग के प्रभारी सीजू एंथोनी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व राज्य मंत्री बीडी कुरैशी, पूर्व विधायक अरूण वोरा, पूर्व महापौर दुर्ग आर एन वर्मा, पूर्व महापौर नीता लोधी, पूर्व महापौर दुर्ग धीरज बाकलीवाल, नगर पालिका निगम भिलाई के सभापति गिरवर बंटी साहू, रिसाली सभापति केशव बंछोर, महापौर परिषद् के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, वाय के सिंह, अतुल चंद साहू, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता जावेद खान, ब्लाक अध्यक्ष दानेशवरी साहू, गौरव श्रीवास्तव, प्रमोद प्रभाकर, कोटेश्वर राव, सैम्युल डेविड, पार्षद अभय सोनी, सुरेश वर्मा, कोमल दास टंडन, आर बीके राव, रविशंकर सिंह, अरूण अग्रवाल, एस एम वैध आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आभार प्रदर्शन सीजू एंथोनी ने किया।

**खबर संक्षेप**



## रश्मि, धनेश्वरी और खेमा को नगर सेवा में चयन

**अंडा।** दुर्ग जिला अंतर्गत लक्ष्य मैदान अंडा मिनी स्टेडियम में निरंतर प्रशिक्षण लिया और नगर सेवा में अपना नाम चयनित कराया, मैं लक्ष्य मैदान अंडा के तीनों लड़कियों का नगर सेवा छत्तीसगढ़ दुर्ग जोन में चयन हुआ व प्रियजनों में हर्ष।

## तिरंगा यात्रा को लेकर कार्यशाला का आयोजन आज

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में तिरंगा यात्रा के संबंध में कार्यशाला का आयोजन 11 अगस्त दिन सोमवार को सुबह 11 बजे हल्बा सामाजिक भवन रेंगाडबरी में किया गया है, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला कोषाध्यक्ष मनीष झा उपस्थित रहेंगे। मंडल अध्यक्ष उत्तरा घरेंद्र ने मंडल में निवासरत समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने की अपील की है।

## ओपन स्कूल प्रवेश पत्र का वितरण 14 से

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल माह अगस्त सितंबर की हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 18 अगस्त से प्रारंभ हो रही है। जिसका प्रवेश पत्र 14 अगस्त को शा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में विद्यालय समय में वितरण किया जाएगा। यह जानकारी ओपन प्रभारी श्री व्ही के भंडारी ने दी।

## प्रियंका राठी का एन आई टी रायपुर में चयन हुआ



**जामगांव आर।** गांव में प्रतिभा की कमी नहीं जामगांव आर की प्रियंका राठी पिता विनोद माता शीतल राठी की एनआईटी रायपुर में सलेक्शन ने फिर साबित कर दिया। गांव में बैठे बैठे संचार क्रांति का उपयोग कर आन लाइन तैयारी करके परीक्षा में बैठी प्रियंका राठी और रविवार को एनआईटी में सलेक्शन की खबर आ गई। खबर पाकर विनोद राठी बेटी प्रियांका और पत्नी शीतल को अपने बाहों में समेटते हुए हर्ष व्यक्त किया। बिना शहरों की कोचिंग सेंटर का चक्कर लगाए एनआईटी के लिए सलेक्ट होना अन्य विधार्थियो के लिए प्रेरणा दाई बन गई। इंडिया लेबल पर इस परीक्षा में 14 लाख 75 हजार 103 विद्याथएँ परीक्षा दिए जिसमें प्रियंका को 1 लाख 60 हजार 107 रैंक मिला। प्रियंका ने कहा कि यह जीवन का एक टर्निंग पॉइंट है इसके आगे कड़ी मेहनत पक्का इरादा के साथ पढ़ाई करना ही होगा तब अपना और परिवार का सपना साकार हो पाएगा। लक्ष्य बना हुआ है मंजिल की ओर सबके आशीर्वाद से आगे बढ़ना है। गांव के प्रबुद्ध वर्ग ने बिटिया सहित राठी परिवार को बधाई दिए।

### आयोजन : बुनकर समिति ने मनाया राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

# सरकार बुनकरों को सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम बढ़ा रही: तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी से हथकरघा क्षेत्र को मिल रही नई दिशा

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखंड अंतर्गत ग्राम नाहंदा में गुरु घासीदास महिला बुनकर सहकारी समिति द्वारा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर थी। विशिष्ट अतिथि सरपंच महेंद्र सोनकर, महेंद्र साहू, पूर्व सरपंच एवं समिति प्रबंधक गणेश देवांगन, बुनकर समिति अध्यक्ष सोहद्रा देवांगन, उपसरपंच महेश्वरी चतुर्वेदी आदि शामिल हुए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने हथकरघा दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में हथकरघा उद्योग के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जुलाई 2015 में 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस घोषित किया था। 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में स्वदेशी आंदोलन की स्मृति में चुना गया था, जो 1905 में इसी दिन कलकत्ता टाउन हॉल में ब्रिटिश सरकार द्वारा बंगाल विभाजन के विरोध में शुरू किया गया था।





इस आंदोलन का उद्देश्य घरेलू उत्पादों और उत्पादन प्रक्रियाओं को पुनजएँवित करना था। केंद्र की नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बुनकरों को सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम बढ़ा रही है। हथकरघा क्षेत्र देश की गौरवशाली सांस—तिक विरासत का प्रतीक और आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। यह क्षेत्र महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 70 प्रतिशत से अधिक हथकरघा बुनकर और संबद्ध श्रमिक महिलाएँ हैं। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में हथकरघा के योगदान को उजागर करना तथा बुनकरों की आय में वृद्धि करना है। गुरु घासीदास महिला बुनकर समिति भी हथकरघा की योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बनें तथा प्रदेश व देश के विकास में अपना योगदान दें।

इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, समिति के सदस्यगण अनुराधा टंडन, उर्मिला सिन्हा, कौशल्या, भागेश्वरी निषाद, संतोषी टंडन आदि सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## काल भैरव देऊर मंदिर ने निकाली कांवड़ यात्रा, भक्तों ने किया जलाभिषेक



**गुरूर।** काल भैरव देऊर मंदिर द्वारा नगर में कांवड़ यात्रा निकालकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिशेक किया गया। जिसमे बड़ी संख्या मे महिला, पुरूश व बच्चे कंधे मे कांवड़ लेकर एवं हाथो मे कलश लेकर भक्तिगीतो मे झूमते कांवड़ यात्र में सम्मिलित हुए। कांवड़ यात्र नगर के गणेश मंदिर से प्रारंभ हुई जहां से जल लेकर कावड़िये नगर के प्रसिंद्व देऊर मंदिर में स्थापित शिव जी के मंदिर में पहुंचकर शिवलिंग का जलाभिशेक किया। इस दौरान कांवड़ यात्र मे महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर भक्तिगीतो के बीच हाथो में जल से भरा पात्र पकड़कर मंदिर पहुंचकर बड़ी संख्या में जलाभिशेक किया।

## महिला कमांडो ने थाने में पुलिस जवानों को बांधी राखी



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल के थाना मंगचुवा में क्षेत्र की महिला कमांडो की महिलाओं द्वारा पुलिस जवानों को राखी बांधकर बहन का फर्ज निभाते हुए मिठाई खिलाई इसके पूर्व उन्होंने थाली सजाकर पूजा अर्चना की व पुलिस जवानों को लंबी उम्र एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए महिला कमांडो की महिलाओं ने कहा कि पुलिस जवानों को राखी बांधकर हम लोगों को गर्व महसूस हो रहा है थाने में उपस्थित थाना प्रभारी देव कुमार कोर्राम, देवेन्द्र भुआर्य, सतीश साहू, अजय साहू, जयसिंह मंडावी, राजकिशोर साहू सहित सभी पुलिस जवान उपस्थित थे।

# रेडक्रॉस और स्काउट-गाइड के बच्चों ने रैली निकालकर दिया नशा छोड़ने का संदेश




**अंडा।** जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध नशा मुक्ति हेतु एक जागरूकता रैली का आयोजन करने का निर्देश दिया गया।

शा. उच्च. मा. शाला विनायकपुर के छात्रा व्दारा रैली का निर्देश को ध्यान मे रखते हुए शाला प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत ने शाला की तरफ से रैली निकलने का निर्देश दिया जिसमे रेडक्रॉस तथा स्काउट-गाइड से जुड़े छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में भातेंद्र कुमार गंगराले ने कहा कि "नशामुक्त समाज ही एक स्वस्थ, सशक्त एवं खुशहाल राष्ट्र की नींव रखता है। युवाओं को इस दिशा में आगे आकर समाज में बदलाव लाने की आवश्यकता है।" उन्होंने सभी को नशा छोड़ने एवं इसके विरुद्ध जनजागृति फैलाने की शपथ भी दिलाई। साथ ही विद्यार्थियों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने और सभी प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह दी।अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शाला परिवार से सरस्वती उमरे,देवश्री साहू,रोहित देशमुख,शैलेन्द्र साहू,उषा ठाकुर, ममता तिवारी, पूर्णिमा कोसले, मालती साहू,लीना जोशी, मीनाक्षी नेताम, प्रेमलता योगी, गुलशन चंद्राकर,तरुण साहू, देवाशीष पिपरिया रीतू साहू एवं 160 छात्र-छात्राएं,सम्मिलित हुए।

रैली के आयोजकों ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नशा मुक्ति के लिए उनके साथ जुड़ें और एक स्वस्थ और नशा मुक्त समाज बनाने में योगदान करें। नागरिक को जागरूक करने के लिए बच्चों के द्वारा पोस्टर बैनर बनाया गया जिसको देख के नागरिक नशा जे दुष्परिणाम को समझ सके।

# शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के लिए हुई खुटेरी में पालक-शिक्षक बैठक



**बालोद/सिकोसा।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुटेरी (खे) में विद्यालय स्तर पर पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने हेतु बच्चों की प्रगति से अवगत कराने तथा बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आकलन करते हुए पालकों के साथ समन्वय बनाते हुए परिणामों को बेहतर करने के लिए रखा गया था। संस्था प्राचार्य श्वेता पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप शासन के निर्देशानुसार यह बैठक रखा गया है। बच्चों के सर्वांगीण विकास, बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने तथा बच्चों की उचित मार्गदर्शन हेतु पालकों का आह्वान किया तथा पालकों से सुझाव भी आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुण्डरदेही नवीन यादव एवं सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर भी उपस्थित थे। उन्होंने पालकों के साथ संवाद करते हुए पालकों की भूमिका को रेखांकित किया तथा शैक्षिक स्तर में सुधार हेतु मेंटर व्यवस्था से भी पालकों को अवगत कराया। इस अवसर पर पालक तथा शिक्षक उपस्थित रहे। इस बैठक में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सह ग्राम पंचायत खुटेरी के सरपंच गुमेंद्र टेमरे एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विकासखंड स्तरीय गोष्टी का आयोजन विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में आयोजित विकास खंड स्तरीय गोष्ठी संपन्न हुआ जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया। जिसमें सर्वप्रथम बाल संस्कार शाला विभिन्न जगहों पर संचालित है उसमें वृद्धि किया जाएगा। दिनांक 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर विकास खंड स्तर पर एक पेड़ मां के नाम वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। परमवंदनीया माता भगवती देवी शर्मा व अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष 2026 के अवसर पर 40 दिवसीय साधना विगत 10 जुलाई से शुरू हुआ और 18 अगस्त को संपन्न होगा।जिसकी पूर्णाहुति 19 अगस्त दिन मंगलवार को तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ संपन्न होगा। गोष्ठी में शक्तिपीठ के अलावा विकास खंड के सभी प्रज्ञा पीठ खैरकट्टा, रेंगाडबरी, रेंघई, हरदी, नारगी व खरथुली से प्रज्ञा पुत्रों की उपस्थिति रही।

# सेजस में संवाद और समन्वय के लिए हुई पहली पालक-शिक्षक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

सेजस कुसुमकसा में इस शैक्षिक सत्र के प्रथम पालक शिक्षक बैठक प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डीपी कोसरे तथा सहायक परियोजना समन्वयक लेख राम साहू के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि योगेंद्र कुमार सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा अध्यक्षता सुनीता यादव प्राचार्य, विशेष अतिथि डॉक्टर नसीम खान, मोतीलाल कुचरिया, कृष्णकांत साहू, नईम कुरैशी, पंकज जेठवानी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य सुनीता यादव ने बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए उपस्थित समस्त पालकों, ग्राम वासियों तथा अतिथियों का स्वागत किया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि योगेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि जब अभिभावक स्कूल में शामिल होते हैं और उनके प्रयासों को मान्यता दी जाती है तो विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है। शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों के लिए पढ़ाई के प्रति उचित वातावरण बनाने प्रेरित किया वहीं दूसरी ओर बच्चों को परीक्षा के दबाव में तनाव तथा अवसाद से मुक्त रहकर नियमित पढ़ाई पर जोर दिया। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डीपी कोसरे ने कहा कि शिक्षक पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने तथा बच्चों को सतत प्रेरणा एवं सही समय पर उचित मार्गदर्शन देने के लिए यह आयोजन किया गया है। पालकों को बच्चों से शाला में होने वाली विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा करने तथा छात्रों को नियमित रूप से शैक्षिक क्रियाकलापों पर भागीदारी लेते हुए शाला में इस साल भी मेरिट सूची में आने के लिए प्रेरित किया। सहायक परियोजना समन्वयक लेखराम साहू ने कहा कि बच्चों की संपूर्ण गतिविधियों से पालक एवं शिक्षक दोनों ही अवगत हो। पलकों को शाला संचालन में सहयोग करने की अपेक्षा की। बैठक में प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य गण, पालकगण, वरिष्ठ नागरिकगण तथा शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स ने पौधारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने प्रदेशभर में एक साथ पौधारोपण अभियान चलाकर हरियाली की नई मिसाल कायम की। इसी कड़ी में दल्ली राजहरा इकाई ने ग्राम कुसुमकसा स्थित संजय बेस की पुष्प वाटिका में स्थानीय व्यापारियों, चेंबर सदस्यों और ग्रामीणों के साथ मिलकर एक पौधा छत्तीसगढ़ महतारी के नाम कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम के दौरान पचास पौधे रोपे गए। इस पहल का उद्देश्य वायु प्रदूषण में कमी लाना, पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना और आने वाली पीढ़ियों को हरा-भरा प्रदेश उपहार में देना है। बड़ी संख्या में लोगों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायी बना दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने कहा कि यह



अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इन पौधों की देखभाल कर उन्हें वटवृक्ष बनाने का संकल्प लिया गया है, ताकि छत्तीसगढ़ के हर कोने में हरियाली की परत बिछाई जा सके।

कार्यक्रम में चेंबर अध्यक्ष अमित कुकरेजा, महामंत्री भूपेंद्र ड़हरवाल, पूर्व अध्यक्ष शंकर कुकरेजा, प्रमुख सलाहकार संजय बेस, शेखर गुप्ता, राजेश पटेल, पंकज छाजेड़, दिनेश जैन, संतोष जैन, महेश पांडे, सर्वजीत सिंह, गजेंद्र सिन्हा, पुष्पजीत बैंस, कमलकांत साहू, मोनू गुप्ता, दीपक यादव, देवराज जैन, मोती कुचेरिया सहित कुसुमकसा के व्यापारी और ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




## धारदार चापड़ दिखाकर डराने वाला गिरफ्तार

**भिलाई ।** धारदार चापड़ लेकर लोगों को डरा धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आकाश गंगा प्रेस काम्पलेक्स के पास सुपेला में युवक धारदार चापड़ लेकर लोगो को डरा धमका रहा था। पुलिस की सूचना पर उसे पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम पवनतरा चौंकी जालबांध जिला खैरागढ़ हाल पता सिकोला बस्ती कालीचरण देवराज का होना बताया है। आरोपी के पास से एक धारदार लोहे का चापड़ को जप्त किया गया।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# निगम, मंडल व आयोगों में नियुक्तियों का रास्ता साफ, कई पद खाली

**दल्लीराजहरा।** प्रदेश के निगम, मंडल और आयोगों में कुर्सियों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे दल्लीराजहरा शहर सहित बालोद जिले के वरिष्ठ नेताओं के लिए अब राहत भरी खबर आ सकती है। भाजपा सरकार के गठन के बाद से जिले के दर्जनों नेताओं के नाम चर्चा में हैं, लेकिन अंतिम सूची के इंतजार में सस्पेंस बना हुआ है। अप्रैल में प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग के 36 पदों पर नियुक्तियां की थीं, लेकिन इनमें से आधा दर्जन पद विवाद और तकनीकी पेंच में फंस गए थे। हाल ही में सरकार ने संशोधित सूची जारी कर तीन अध्यक्षों और एक उपाध्यक्ष की कुर्सी बदलते हुए पदभार सौंप दिया है। खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने भी जिम्मेदारी संभाल ली है। अब सिर्फ एक पद का पेंच बचा है, जो जल्द सुलझने की उम्मीद है।

**कौन कहां पहुंचे- फेरबदल का खेलः** केदारनाथ गुप्ता-दुग्ध महासंघ से हटाकर अपेक्स बैंक के अध्यक्ष, श्रीनिवास राव मद्दी-वित्त आयोग से हटाकर छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष,शालिनी राजपूत-समाज कल्याण विभाग से हटाकर छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष,चंद्रक्रांति वर्मा-समाज कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष से छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की उपाध्यक्ष।

**अभी किन पदों पर इंतजार जारीः** मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी, सहकारी संघ, पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक, चार शक्कर कारखाने, रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल समेत डेढ़ दर्जन से अधिक पद खाली हैं। प्रदेश सरकार और संगठन के बीच अंतिम दौर की चर्चा पूरी हो चुकी है और राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज है कि इस माह के भीतर नई सूची जारी हो सकती है। ऐसे में दल्लीराजहरा और बालोद के कई नेताओं के चेहरे पर 'लाल बत्ती' की उम्मीद की चमक लौट आई है।

